

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



ब्लोटिंग की समस्या से हैं परेशान तो ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 28 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 96 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


### सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे बोले–

## वैश्विक सुरक्षा प्रदाता के रूप में अमेरिका की जगह लेना चाहता है चीन

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि अभिव्यक्तियों का निश्चित रूप से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। इसी पृष्ठभूमि के बीच चीन का उदय जारी है। यह अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक आकांक्षाओं से प्रेरित है। एक राजनीतिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति के रूप में चीन के उदय ने इसे विश्व व्यवस्था में एक नई श्रेणीबद्ध स्थिति प्रदान की है जिसका वह नेतृत्व करना चाहता है। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि रूस और



यूक्रेन के बीच संघर्ष को तोड़ने के लिए 12 सूत्री शांति योजना के साथ चीन संयुक्त राज्य अमेरिका को वैश्विक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता के रूप में बदलना चाहता है। पुणे में दो दिवसीय रणनीतिक वार्ता के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण देते हुए जनरल मनोज पांडे ने कहा कि सऊदी अरब और ईरान के बीच शांति वार्ता की मध्यस्थता और यूक्रेन और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए चीनी 12 सूत्रीय शांति योजना को सामने रखना। चल रहे रूस–यूक्रेन संघर्ष ने भू–राजनीतिक सुरक्षा गणित में गहराई से उभरने वाले कई पहलुओं के साथ परिदृश्य में अशांति को जोड़ा है। रूस अमेरिका को वैश्विक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता के रूप में बदलने के लिए चीनी तात्कालिकता के प्रति चिंतनशील है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि अभिव्यक्तियों का निश्चित रूप से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। इसी पृष्ठभूमि के बीच चीन का उदय जारी है। यह अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक आकांक्षाओं से प्रेरित है। एक राजनीतिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति के रूप में चीन के उदय ने इसे विश्व व्यवस्था में एक नई श्रेणीबद्ध स्थिति प्रदान की है जिसका वह नेतृत्व करना चाहता है।

## पीएम मोदी को प्रियंका गांधी ने कहा था कायर, अब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऐसे किया पलटवार



भोपाल। राहुल गांधी को लेकर भाजपा और कांग्रेस में जबरदस्त तरीके से वार पटवारी का दौर जारी है। मानहानि मामले में कोर्ट से 2 साल की सजा मिलने के बाद राहुल गांधी के लोकसभा सदस्यता चली गई है। इसको लेकर कांग्रेस जबरदस्त तरीके से केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है। देश के अलग–अलग हिस्सों में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन भी जारी है। इन सबके बीच रविवार को दिल्ली में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस महासचिव और राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कायर कहा था। इसी को लेकर अब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पलटवार किया है। सिंधिया ने कहा कि भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले प्रधानमंत्री, अगर कुछ लोगों को उनके बारे में ऐसी बातें करनी हैं तो जनता उन्हें पहले की तरह ही करारा जवाब देगी। प्रियंका ने अपने संबोधन में कहा था कि इस देश के प्रधानमंत्री कायर हैं। मुझे जेल में डाल दो लेकिन सच तो यह है कि इस देश के प्रधानमंत्री कायर हैं। उन्होंने कहा कि वह अपनी सत्ता के पीछे छुपे हैं और (वह) अहंकारी हैं। लेकिन देश की परंपरा रही है कि अहंकारी राजा को प्रजा जवाब देती है। यह देश अहंकारी राजा को पहचानता है। यह देश सच्चाई जानता है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह भी कहा कि आज नई विमान सेवा पंजाब के अमृतसर से इंग्लैंड के गैटविक तक शुरू कि गई है। यह विमान सेवा हफ्ते में 3 दिन चलेगी। यह अमृतसर का इंग्लैंड से तीसरा जुड़ाव होगा। यह अमृतसर पूरे पंजाब के लिए नहीं विकास के द्वार खोलेगा। 2013–2014 तक सिर्फ 6 शहर जुड़े थे अब यह संख्या 21 हो चुकी है। आपको बता दें कि सिंधिया पहले कांग्रेस में थे। उन्हें राहुल और प्रियंका का बेहद करीबी माना जाता था। लेकिन 2020 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले, अमृतसर के साथ हवाई मार्ग से जुड़े केवल 6 शहर थे और आज यह संख्या बढ़कर 21 हो गई है। 2014 से पहले प्रति सप्ताह हवाई यातायात की आवाजाही 216 थी, और अब यह 416 है। अब तक कुल 6 उड़ानें शुरू की गई हैं, विदेशों से अमृतसर तो जोड़ती हैं।

## घोड़ों की दौड़ के लिए गधा मिल रहा है...राहुल गांधी मामले में मोदी के मंत्री हरदीप सिंह पुरी का तंज

नई दिल्ली। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट से मिली 2 साल की सजा के बाद लोकसभा सदस्य के तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इसके बाद से कांग्रेस जबरदस्त तरीके से मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस और मोदी सरकार को तानाशाह बता रही है। आज काले कपड़े पहनकर मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राहुल गांधी और कांग्रेस को लेकर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने तंज भरे लहजे में साफ तौर पर कहा कि घोड़ों के साथ गधों की दौड़ कराई जा रही है। दरअसल, संसद भवन के बाहर हरदीप सिंह पुरी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनसे इसको लेकर सवाल पूछा गया। हरदीप पुरी ने कहा कि कहां भगवान राम है और कहां के लोग हैं। हरदीप पुरी



ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि मैं माफी नहीं मांगूंगा क्योंकि सावरकर नहीं हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपको पता है कि सावरकर जी का क्या योगदान रहा है? यह उसी तरह है जैसे कि घोड़ों के साथ एक गधे की दौड़ हो रही हो। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इन लोगों को गंभीरता से आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की मेलोड्रामा करने की जरूरत नहीं है। देश की जनता समझदार है और इसका फैसला खुद करेगी। उन्हें कोर्ट की ओर से सजा दी गई है और इस प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। आप महाभारत और सावरकर के बात क्यों कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को 7 जन्म लेना पड़ेगा तब वीर सावरकर को जान पाएंगे। सावरकर ने अपनी पूरी जिंदगी सेलुलर जेल में काटी, क्या वे कभी सेलुलर जेल गए हैं? राहुल गांधी एक बार सेलुलर जेल जा के देखें तब उन्हें पता चलेगा कि सावरकर क्या है? केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सावरकर कभी नहीं हो सकते। सावरकर जी कभी 6 महीने विदेश घुमने नहीं जाते थे। उन्होंने कहा कि हर सत्र के बाद उन्हें छुट्टी नहीं चाहिए होती थी, वे आजादी के लिए समर्पित थे। वीर सावरकर का तो अपना किया ही लेकिन नेहरू जी और इंदिरा गांधी का ही सम्मान बचा लेते।

## अल्पसंख्यको को मिला 4 प्रतिशत आरक्षण खत्म करने को शिवकुमार ने बताया संविधान के खिलाफ

नई दिल्ली। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में श्रेणी 2बी के तहत मुस्लिमों को मिला आरक्षण खत्म करने के फैसले को लेकर सियासत तेज हो गई है। अल्पसंख्यक समुदायों के लिए 4: आरक्षण खत्म करने के राज्य सरकार के फैसले पर कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार ने कहा कि यह संविधान के खिलाफ है। संविधान ने सभी समुदायों को उनकी जनसंख्या के अनुसार सुरक्षा देने का अवसर दिया। बीजेपी देश को बांटने की कोशिश कर रही है। कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस फैसले की निंदा करती है। मई में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही हम पहले दिन इसे खत्म कर देंगे। यहां तक घ्घकि गृह मंत्री ने भी इस फैसले का समर्थन किया है। कर्नाटक के लोग जानते हैं कि यह सरकार जो कह चुकी है वह पूरा नहीं करेगी। कांग्रेस ने घोषणा की कि वह राज्य में पार्टी के सत्ता में आने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षण बहाल करेगी। कर्नाटक में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## दिल्ली में सड़क से संसद तक कांग्रेस का प्रोटेस्ट

नई दिल्ली। राहुल गांधी को अयोग्य ठहराए जाने को लेकर



श्लोकतंत्र बचाओश अभियान के तहत अधिकांश विपक्षी नेता संसद में काले कपड़े पहन नजर आए। इस बीच, संसद में कांग्रेस प्रमुख मलिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों ने बैठक भी बुलाई। बैठक में तृणमूल कांग्रेस ने भी हिस्सा लिया। विपक्षी नेताओं ने अडानी मुद्दे की जेपीसी जांच की मांग की और राहुल गांधी की अयोग्यता को लेकर संसद में महात्मा गांधी की प्रतिमा के बाहर धरना दिया। कांग्रेस नेता बीवी श्रीनिवास ने कहा कि अडानी को बचाने के लिए यह लोग (भाजपा) ओबीसी का मुद्दा लेकर आए और जब की नीरव मोदी, मेहुल चौकसी खुद ओबीसी नहीं और जो शिकायतकर्ता है वह भी ओबीसी नहीं है। यह लोग बस देश की जनता का ध्यान हटाना चाहते हैं। यह बस दोस्ती निभाकर दोस्त को बचाना चहाते हैं। समाजवादी पार्टी के नेता एसटी हसन ने कहा कि सारे देश को इस बात की चिंता है कि न्याय व्यवस्था खराब नहीं होनी चाहिए। अदालतें सजा दें, हम अपराधी के पक्ष में नहीं हैं। हम कानून को बचाने के पक्ष में हैं।

## डीएचएफएल केसः उच्चतम न्यायालय ने ईडी की याचिका खारिज की

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय की एक अपील को खारिज करते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को व्यवस्था दी कि किसी आपराधिक मामले में नैसर्गिक जमानत देने के लिए 60ध्90 दिन की अवधि में रिमांड अवधि भी शामिल होगी। न्यायमूर्ति के एम जोसफ, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने डीएचएफएल के पूर्व प्रवर्तकों कपिल वाध ावन और धीरज वाधवन को यस बैंक ध नशोधन मामले में जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका को खारिज कर दिया। ईडी इस मामले में जांच कर रही है। पीठ ने कहा, ''रिमांड की अवधि उस तारीख से गिनी जाएगी, जिस दिन मजिस्ट्रेट आरोपी को रिमांड पर भेजते हैं। यदि किसी मामले में रिमांड अवधि के 61वें या 91वें दिन तक आरोप पत्र दायर नहीं किया जाता तो आरोपी नैसर्गिक जमानत का अधिकारी बन जाता है।'' पीठ ने 2021 में दो न्यायाधीशों की एक पीठ द्वारा उसे



भेजे गये व्यापक मुद्दे पर जवाब दिया। उसने निर्देश दिया कि मामले से संबंधित लंबित याचिकाओं को दो न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जाए। शीर्ष अदालत ने नौ फरवरी को ईडी की अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। शीर्ष अदालत ने 23 फरवरी, 2021 को बड़ी पीठ को यह विधि क प्रश्न संदर्भित किया कि क्या नैसर्गिक जमानत देने के लिए 60 दिन की अवधि गिनने में आरोपी को हिरासत में भेजे जाने वाले दिन को शामिल किया जाना चाहिए या नहीं। दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) के पूर्व प्रवर्तकों को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ ईडी की एक अपील पर सुनवाई के दौरान विधिक मुद्दा आया। शीर्ष अदालत ने सितंबर 2020 में बंबई उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी थी जिसमें दोनों प्रवर्तकों को जमानत दी गयी थी। उच्चतम न्यायालय ने जमानत के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ ईडी की याचिका पर आरोपी को नोटिस जारी किया। बंबई उच्च न्यायालय ने 20 अगस्त, 2020 को वाधवन बंधुओं को जमानत देते हुए कहा था कि आरोप पत्र दायर नहीं होने पर स्वाभाविक जमानत मिल जाती है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि ईडी इस मामले में 60 दिन की अवधि में आरोप पत्र दायर नहीं कर सका। ईडी ने तब उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की। एजेंसी ने कहा कि उसने प्रक्रिया का उल्लंघन नहीं किया है और 60 दिन की अवधि समाप्त होने से एक दिन पहले ईमेल से आरोप पत्र का एक भाग जमा कर दिया था। ईडी ने प्रत्यक्ष रूप से आरोप पत्र 13 जुलाई, 2020 को दायर किया था।

## युवा कांग्रेस के सदस्यों ने राहुल गांधी के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया

नयी दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कई सदस्यों



ने सोमवार को जंतर–मंतर पर राहुल गांधी को सांसद के तौर पर अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए देश भर से प्रदर्शनकारी जंतर–मंतर पर इकट्ठा हुए और विपक्ष की आवाजों को चुप करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के झंडे और सत्यमेव जयते की तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी के लिए न्याय की मांग की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, केंद्र ने दिखाया है कि कोई भी मोदी सरकार से बात नहीं कर सकता है या सवाल नहीं कर सकता है। राहुल जी ने अडाणी के बारे में सवाल उठाए थे ... इसलिए उन्होंने, उन्हें अयोग्य ठहराकर चुप कराने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी निडर हैं और सरकार के गलत कामों पर सवाल उठाते रहेंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे अपने विरोध के तहत संसद का घेराव भी करेंगे। गौरतलब है कि गांधी को सूरत की एक अदालत ने 2019 के मानहानि मामले में दोषी ठहराया था। जिसके एक दिन बाद शुक्रवार को उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया।






## राहुल गांधी ने किसी का अपमान नहीं किया, सपा सांसद बोले– अयोग्य घोषित करने की इतनी जल्दी क्या थी?

नई दिल्ली। राहुल गांधी को लेकर देश में घमासान छिड़ा हुआ है। मानहानि मामले में सूरत एक अदालत में राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया। अब इसी को लेकर कांग्रेस जबरदस्त तरीके से केंद्र की सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस को विपक्षी दलों का साथ भी मिल रहा है। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी का भी बड़ा बयान सामने आया है। समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने कहा कि उन्हें 24 घंटे के भीतर अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनके परिवार का एक इतिहास रहा है। उन्होंने अंग्रेजों का मुकाबला किया, जेल गए और देश के लिए बलिदान दिया। सपा नेता ने कहा कि आज उन्हें – उनके वंशजों को – इसका सामना करना



पड़ रहा है। आपको शिकायत हो सकती है लेकिन पूर्वाग्रह से ग्रसित कुछ भी नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कोई कहता है, ष्हसन भ्रष्ट है,ष तो क्या इससे पूरे हसन समुदाय की बदनामी होती है? यह सिर्फ चेहरा बचाने वाला है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समुदाय यह जानता है। वे कह रहे हैं कि जो हो रहा है वह गलत है और राहुल गांधी ने किसी का अपमान नहीं किया। उन्हें जल्दबाजी में अयोग्य नहीं ठहराया जाना चाहिए था। इससे पहले समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार यूपी में आई है, तब से प्रशासन का साथ लेकर झूठे मुकदमे लगवाए। अखिलेश ने कहा कि कई ऐसे मौके आए हैं जब प्रशासन और शासन ने मिलकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों की सदस्यता ली है। इसी कड़ी में आजम खान और उनके बेटे की भी सदस्यता गई। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी के कई नेताओं की सदस्यता भाजपा ने ली है और आज कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी की सदस्यता गई है।

ये सब जानबूझकर असली मुद्दे जैसे– महंगाई, बेरोजगारी और अपने मित्र उद्योगपति पर बहस से ध्यान हटाने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के नेता के साथ हुआ है, समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ पहले हो चुका है।

# डी.एम. साहब ग्रामीण इलाकों की खस्ताहाल सड़कें विकास के दावों की खोल रही पोल

## विकास के दावों की पोल खोल रही हैं सड़क आलम यह है कि कहीं सड़क पर गड्ढा तो कहीं गड्ढे में सड़क हो गई है

दैनिक बुद्ध का संदेश

उमरी बेगमगंज,गोंडा। जिले के ग्रामीण इलाकों की खस्ताहाल सड़कें विकास के दावों की पोल खोल रही हैं आलम यह है कि कहीं सड़क पर गड्ढा तो कहीं गड्ढे में सड़क हो गई है इसके बाद भी जिम्मेदार इस ओर चेत नहीं रहे है। हैरत की बात तो यह है कि जिले में भारतीय जनता पार्टी के सात विधायक, एक एमएलसी, सांसद और प्रदेश सरकार में जिला का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद सड़कें बदहाल पड़ी हैं। चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा होता न देख क्षेत्रीय जनता भी अपने को ठगा महसूस कर रही है। मानसून के दस्तक देते ही अधिकांश सड़कों पर पैदल निकलना भी दूभर हो जाएगा। विकास खंड क्षेत्र बेलसर में डिकसिर से सूर्यवंश पुरवा के बीच करीब 4 किलोमीटर की सड़क दो दशक पहले बनाई गई थी लेकिन अब यह सड़क चलने लायक नहीं रह गई है। इस रोड से डिकसिर, नौरंग पुरवा, विंध्या तिवारी पुरवा, पंडित पुरवा, राम पाल सिंह चौराहा, मंगल पुरवा, बेगमगंज बाजार, सूर्यवंश पुरवा सहित कई गांव जुड़े हैं। सड़क जर्जर होने से हालत ये हैं कि बाइक सवारों तक को आने जाने में दिक्कत होती है। आए दिन लोग गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। गांव के लोगों ने बताया कि विधान सभा चुनाव के समय भाजपा प्रत्याशी ने जीतने पर सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था। सरकार ने दोबारा कब्जा जमाया और दूसरी बार विधायक होने के बावजूद रोड नहीं बन पाई। लोगों ने बताया कि लोकसभा चुनाव के समय भाजपा प्रत्याशी ने भी सड़क बनवाने की बात कही थी, लेकिन जीतने के बाद वह भी जनता का दर्द भूल गए। पंडित पुरवा निवासी राम लगन कनौजिया के अनुसार रोड जर्जर पड़ी हैं। करीब चार किलोमीटर लंबा डिकसिर संपर्क मार्ग 12 साल पहले बनाया गया था। तब से आज तक इस रोड की मरम्मत नहीं हुई है। कस्बे से करीब 6–7 गांवों को जोड़ने वाला ये प्रमुख मार्ग है। सड़क जर्जर होने से करीब 10 हजार आबादी को आने–जाने में खासी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों द्वारा बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान सभी दलों के प्रत्याशियों ने सड़क दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया था, चुनाव बाद



कोई देखने तक नहीं आया। करीब 10 हजार की आबादी के लिए कस्बे का आवागमन मुसीबत भरा साबित हो रहा है। बारिश होने पर तो आवागमन बहुत ही मुश्किल हो जाता है। पीड़ित लोगों का कहना है कि चुनाव के समय तो नेता बड़े बड़े वादे करते हैं लेकिन बाद में कोई नहीं आता। सभी दलों के नेताओं ने क्षेत्र को चारागाह समझ रखा है। यहां की सड़कों पर जगह–जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय से बीजेपी विधायक व लोक सभा सदस्य हैं। कई बार उनको समस्या से अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने सड़क बनवाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

# कोटेदारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर



फेडरेशन उत्तर प्रदेश बलरामपुर इकाई ने कोटेदारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उतरौला तहसीलदार न्यायिक अभय सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्या दूर कराए जाने की मांग की है। जिला अध्यक्ष जीवन लाल ने बताया कि कोटेदारों को एक वर्ष से उठान का भाड़ा नहीं मिला है। कोटेदारों से दो माह के राशन का पैसा जमा कराकर फ्री में वितरण करा दिया गया। वह पैसा वापस दिलाया जाए। बताया कि खाद्य उपायुक्त के यहां पैसा वापसी का फाइल आ गया है लेकिन यहां से नहीं मिल पा रहा है। यदि पैसा वापस नहीं आया तो तीन अप्रैल को जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर भोले प्रसाद शर्मिला प्रमोद कुमार कांति देवी अनिल कुमार आदि कोटेदार मौजूद रहे।

## छात्र छात्राओं ने आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ का किया शैक्षणिक भ्रमण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। सोमवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के प्रतिभाशाली बच्चों





व शिक्षकों के भ्रमण टीम को वरिष्ठ अकेदमिक रिसोर्स पर्सन जयप्रकाश शुक्ल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शैक्षिक भ्रमण में उच्च प्राथमिक विद्यालय दिलीप पुरवा, महेवा गोपाल, सोनबरसा, ज्ञानीपुर रामप्रसाद, पूरे हृदय, दुर्गा पुर, मनकापुर, गुनौरा, जैदव, सुमेर पुर, हरनाटायर आदि स्कूल के बादल, लक्ष्मी रमण त्रिपाठी, रोली मौर्य, अभिषेक, आंचल भारती, प्रमोद, विशाल, रामाशीष, कौशिक पाण्डेय, अमन कुमार, पलक, तारा,शिवम, कमरून निशा,काजल पासवान, मुनिया तिवारी, अंजनी, मोहम्मद कमर, दिव्या, भानुमति, तारा यादव, अंकित, अंशिका, आराधना, प्रतीक, आयुष, शिवा, ललित, श्रद्धा आदि कुल उन्सठ बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने आंचलिक विज्ञान केन्द्र में विभिन्न प्रकार के जीव जन्तुवों के माडल, ग्लोब, विलुप्त प्राय जन्तुओं ,डबल हेलिक्स डीएनए का क्रियाशील माडल,तार रहित वाद्ययंत्र, थ्रीडी शो आदि को देखकर काफी कुछ सीखा। बच्चों को गाइड करने में एआरपी जितेन्द्र वर्मा, सूर्यभान राम, ओमप्रकाश जैसवाल, शिक्षक मनीष वर्मा, भोला प्रसाद यादव, बलजीत सिंह कनौजिया, रूपेश पाण्डेय, अरशद कासिम, रिचा मिश्रा, पूजा मिश्रा, रवीन्द्र सिंह, घनश्याम, प्रवीण कुमार आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# राहुल गांधी के समर्थन में जनपद बलरामपुर के कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया





दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर द्वारा देश में लोकतंत्र की हो रही हत्या तथा सरकार के तानाशाही रवैए के खिलाफ दिन में बारह बजे (12बजे) अंबेडकर तिराहे पर डाक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने धरना एवं पद यात्रा करते हुए वीरविनय चौराहे पर प्रदर्शन के उपरांत ज्ञापन का कार्यक्रम किया जाएगा, जिसकी तैयारी बैठक सोमवार को जिलाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह के आवास पर की गई उक्त कार्यक्रमों में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की हत्या हो रही है केवल अपने उद्योग पति मित्रों को बचाने के लिए और देश के सभी संसाधन उनके हाथों में सौंपने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता रद्द कर दी गई लेकिन गांधी तो तब नहीं डरा जब अंग्रेजों की पूरी दुनिया में कब्जा था और उनका सूर्य कभी अस्त नहीं होता था तो इन अंग्रेजों के चमचों से हम गांधी वादी लोग डरने वाले नहीं हैं जब देश में मंहगाई, महिला उत्पीड़न, बेरोजगारी, जैसे मुद्दे मुंह बाए खड़ी हो तब केवल अडानी को बचाने के लिए एक मानहानी केस में त्वरित व्यूह रचना करके दर्जनों जज बदल कर यह कूटरचित रचना के माध्यम से दो वर्ष की अधिकतम सजा प्राविधानित केस में अधिकतम सजा दी गई और उसके तुरंत बाद संसद सदस्यता को रद्द कर दिया जो केवल संविधान को ठेंगा दिखाने और विपक्ष को डराने के अलावा कुछ नहीं है हम कांग्रेसी भारत में लोकतंत्र को मरने नहीं देंगे हम आखिरी सांस तक लड़ेंगे और मुद्दों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र की हत्यारी सरकार केवल स्वांग रचने के अलावा कुछ नहीं करती देश को तिल तिल करके बेच रही यह सरकार राहुल गांधी जी से डर गई जिससे उनको बिना किसी अपराध के सजा दिलवा रही है संसद सदस्यता रद्द करना खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसा है हम फिर लड़ेंगे और जीतेंगे इस बार2024में राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनकर देश के गद्दारों को सबक सिखाएंगे और युवा महिला सबका उद्धार करेंगे। महिला जिलाध्यक्ष आरिफा उत्साही ने कहा कि यह कार्यवही असंवैधानिक है और हम सब राहुल गांधी जी के साथ हैं इस अवसर पर अमिरका प्रसाद कुरील,मो जमील, विश्वनाथ यादव, हफीजुल्ला सिद्दीकी, सुरेन्द्र कुमार यादव, अवधेश पाल सिंह, मास्टर हनीफ, राजबहादुर यादव, विशाल कश्यप, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## ब्लोसम्स प्लेवे एंड द स्कूल में बच्चों को नम आँखों से दी गयी भावभीनी विदाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली,महराजगंज। सोनौली नगर स्थित ब्लोसम्स प्लेवे एंड



द स्कूल में कक्षा 6 के बच्चों को कक्षा 5 के बच्चों ने अध्यापकों संग मिलकर भावभीनी विदाई दी। बताते चले की सबसे पहले बच्चों ने कुछ कार्यक्रम प्रस्तुत कर दोस्ती का मिसाल पर प्रकाश डाला तत्पश्चात स्कूल के प्रबन्धक सन्नी गुप्ता ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के अहम रोल को भी बताया उन्होंने यह बताया कि जीवन में बच्चे का सफल होना ही एक अध्यापक के लिए सबसे बड़ी गुरुदक्षिणा होती है। सभी शिक्षकों ने मिलकर बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप भेंट भी प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मिस अंकिता और मिस स्वप्निल ने किया।इस अवसर पर मिस आँचल, मिस माही,मिस ममता, मिस श्वेता, मिस स्नेहा, मिस मनीषा, मिस रीतू मद्धेशिया सहित कक्षा 4,5 और 6 के सभी बच्चे उपस्थित रहें।

## अधिकारियों के आदेश का कोई मायने नहीं रखता बाल विकास परियोजना कार्यालय

दैनिक बुद्ध का संदेश

रूपईडीह,गोंडा। अधिकारियों के आदेश का कोई मायने नहीं





रखता बाल विकास परियोजना कार्यालय , कर्मचारियों द्वारा मेन गेट खोल कर कार्यालय से गायब रहते हैं ऐसा ही कुछ बाल विकास परियोजना कार्यालय पर देखा गया जहां पर सुबह करीब 11.00 बजे बाल विकास परियोजना कार्यालय का चौनल खुला हुआ था अंदर सीडीपीओ कक्ष सहित अन्य कार्यालय में ताला लटक रहा था। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादी अधिकारियों से मिलने के लिए बाहर इंतजार कर रहे थे। जबकि शासन का निर्देश है कि सभी अधिकारी प्रत्येक दिन 10.00 से 12.00 तक कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करें परंतु यह बात बाल विकास परियोजना कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू नहीं हो रहा है जिसके चलते सभी कार्यालयों में ताला लगा हुआ है और फरियादी इधर उधर भटक रहे हैं जिसकी शिकायत लोगों ने विभागीय अधिकारियों से लेकर जनपद के उच्चाधिकारियों से की इस संबंध में बाल विकास परियोजना पर तैनात प्रधान लिपिक केशव राम ने बताया कि विभागीय कार्य के चलते विकास भवन आया हुआ हूं। अधिकारियों के बारे में हमें जानकारी नहीं है।

# जिले में ही मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर सौंपा ज्ञापन

## सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन के द्वारा की गई मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। जिले की सामाजिक



संस्था इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह के नेतृत्व में सोमवार को मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय की स्थापना देवीपाटन मंडल मुख्यालय जनपद गोंडा में कराने के लिए मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता को सौंपा गया है डॉ अरुण कुमार सिंह व वरिष्ठ समाजसेवी केबी सिंह ने कहा कि गोंडा जिले में मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय स्थापना होनी चाहिए जिसके लिए इंकलाब फाउंडेशन व कई सामाजिक संगठनों ने लगातार प्रयास किया और आंदोलन किया इसके लिए युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर भी लगाया गया जिसके बाद विश्वविद्यालय की सौगात मिली जिसके लिए जिले के परसपुर के ग्राम पंचायत डोमाकल्पी में भूमि भी चिन्हित कर लिया गया है जनपद गोंडा देवीपाटन मंडल मुख्यालय भी है हर तरह से गोंडा में ही विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए। अरविंद पांडे, अनिल श्रीवास्तव व भानु कोहली ने कहा कि मंडल मुख्यालय होने के चलते प्रशासनिक गतिविधियों के लिए गोंडा जनपद उपयुक्त है चिन्हित स्थल डोमाकल्पी राजधानी लखनऊ के फोरलेन से मात्र 5 किलोमीटर दूरी पर होने से आवागमन की सुगमता है राजधानी के मुख्य मार्ग से जुड़ने के चलते शासन के अधिकारियों के लिए बेहतर कनेक्टविटी होगी मंडल मुख्यालय पर होने से सभी जनपदों के लोगों को सुविधा होगी मंडल मुख्यालय आने वाले अभिभावक अपने बच्चों से आसानी से मिल सकेंगे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय मंडल मुख्यालय जनपद गोंडा में ही होनी चाहिए इससे सभी को लाभ मिलेगा डोमाकल्पी स्थिति भूमि बाढ़ आपदा से पूर्णयता सुरक्षित है मुख्य रेल मार्ग से देश प्रदेश के किसी भी कोने से आने जाने वाले छात्र छात्राओं को सुगम रेल यात्रा की सुविधा मिलेगी। ज्ञापन देने वालों में अरविंद पांडे, अविनाश सिंह, अरुण सिंह, केबी सिंह, अनिल श्रीवास्तव, आयुष मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, हनुमान सिंह, सुद्दन सिंह, सोभित पाठक, सूरज दुबे, प्रिंस, रोहित, मनीष, आयुष व अन्य लोग मौजूद रहे।

## परसपुर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई चालक गंभीर रूप से घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोण्डा। परसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपने मां को लेने ननिहाल जा रहे युवक की कार त्योरासी के पास दूसरे को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ जा टकराई।इसमें युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है उसे डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया है। थाना परसपुर क्षेत्र के बालपुर रोड पर ग्राम त्योरासी के पास यह दुर्घटना हुई। थाना कटरा बाजार की ग्रामपंचायत सर्वांगपुर निवासी 21 वर्षीय अनुराग पाण्डेय अपने मां को लेने डेहरास जा रहा था। इसी बीच ग्राम त्योरासी के पास दूसरे को बचाने के चक्कर मे उसकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। आनन फानन में आसपास के लोगों ने उसे जिला मुख्यालय के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां के डॉक्टरों ने उसे लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

## 28 मार्च को मुख्यमंत्री करेंगे स्व0 डा. वाई.डी. सिंह की मूर्ति का अनावरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकाप्टर द्वारा



28 मार्च को ए.डी. एकेडमी धर्मुपुर दुबौलिया बाजार बस्ती में पूर्वान्ह 11.25 बजे आयेंगे। उक्त जानकारी जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने दी है। उन्होने बताया कि 11.30 बजे से स्व0 डा. वाई. डी. सिंह की मूर्ति का अनावरण एवं जनसभा करेंगे। तत्पश्चात् 12.40 बजे से जनपद गोरखपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। ,,आप को बताते चले कि बस्ती जनपद के कसियापुर हर्रैया के रहने वाले डॉक्टर वाईडी सिंह ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस और एमडी की पढ़ाई की थी। वर्ष 2004 में बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त होने के पहले व वहीं बाल रोग विभाग के 14 साल तक विभाग अध्यक्ष भी रहे। बेहद मृदुभाषी के धनी थे डॉक्टर वाईडी सिह। उनके द्वारा डिब्बा बन्द दूध के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने वाले डॉक्टर के रुप मे पहचान बनाई थी।

# बलरामपुर में नेपाली वन माफिया गिरफ्तार

## 16 बोटा सागोन और शीशम की लकड़ी बरामद, पुलिस और एसएसबी की कार्रवाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर में सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के जंगलों पर नेपाली वन माफियाओं ने नजर गढ़ा दी है। नेपाली वन माफिया भारतीय सीमा में घुस कर जंगलों की अवैध कटान को भी अंजाम देने लगे हैं। ऐसे ही एक नेपाली वन माफिया को पचपेड़वा थाना और एसएसबी की टीम ने गिरफ्तार कर उसके पास से 16 बोटा सागोन एवं शीशम की लकड़ी और अवैध तमंचा बरामद किया है। पचपेड़वा थाना पुलिस को



सूचना मिली की नेपाल सीमा से सटे पिपरा सड़वा गांव के पास जंगल में नेपाली वन माफिया ने पेड़ों की अवैध कटान कर सागोन और शीशम का बोटा काट कर रखा है, जिसे ले जाने की योजना बनाई जा रही है। जानकारी मिलने पर पुलिस सक्रिय हो गई और नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 50वीं वाहिनी के जवानों के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस और एसएसबी की टीम ने 10 बोटा जंगली सागौन और 5 बोटा जंगली शीशम की लकड़ी के साथ 12 साइकिल और 1 तमंचा, जिन्दा कारतूस के साथ एक नेपाली वन माफिया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वन माफिया दीप कुमार सिंह पुत्र संतराम निवासी ग्राम हथियागढ़ थाना कृष्णानगर जनपद कपिलबस्तु नेपाल का रहने वाला है। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना पचपेड़वा की पुलिस ने आरोपी पर धारा 307, 332, 379, 411 पचब 26 थ 36ध 2023 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## आब्या पाली क्लिनिक ने एम एफ डी स्कुल मे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुवा आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। आब्या पाली क्लीनिक एवं चिकित्सालय के



द्वारा एम एफ डी स्कूल साबरपुर में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ–साथ बौद्धिक विकास का भी आकलन किया गया। आब्या पाली क्लीनिक के संचालक डॉ हरिकेश सिंह ने एम एफ डी स्कूल में सेवा देने की बात कही तथा बच्चों को स्वस्थ रहने के उपाय बताएं। एम एफ डी स्कूल के प्रबंधक राधेश्याम चौहान और प्राचार्य शरद सिंह ने इस कार्यक्रम को सराहनीय बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक समेत अभिभावक उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

**जीवन मुकुति हेतु जनु कासी।। रामहि प्रिय पावनि तुलसी सी। तुलसिदास हित हिय तुलसी सी। अर्थात यमदूतों के मुख पर कालिख लगाने के लिए यह जगत में यमुना जी के समान है और जीवों को मुक्ति देने के लिए मानो काशी ही है। यह श्रीराम जी को पवित्र तुलसी के समान प्रिय है और तुलसीदास के लिए ...**

# रामकथा आसुरी सेना समान नरकों का नाश करने वाली है



भगवान श्रीराम कोटि कोटि भारतीयों के आस्था के केंद्र बिंदु हैं। इस संसार के प्रत्येक चर और अचर में राम नाम की व्याप्ति ब्रह्म के सार्वकालिक और सार्वमांगलिक गुणों का जयघोष है। प्रकट साकार रूप में भगवान श्रीराम की कथा का वाचन और वाचन न कर पाने की दशा में इस कथा का श्रवण प्रत्येक व्यक्ति को मानसिक तोष से अनुरक्त करता है। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि रामकथा कलि कामद गाई। सुजन सजीवनि मूरि सुहाई। सोइ बसुधातल सुधा तरंगिनि। भय भंजनि भ्रम भेक भुअंगिनि। अर्थात श्री राम कथा सज्जनों के लिए संजीवनी बूटी है। यहां बिना दुर्जनों को बिना नाम लिए गोस्वामी जी कहते हैं कि दुष्टों को श्रीराम की कथा अप्रिय लगती है अथवा जिन्हें श्रीराम कथा रूचिकर प्रतीत नहीं होती वे असल में दुष्ट होते हैं। दुष्टों का स्वभाव पर पीड़क होता है। प्रभु श्रीराम के चरित्र का वर्णन करते हुए प्रबंध काव्य आराधना में गोस्वामी तुलसीदास जी रचते हैं कि असुर सेन सम नरक निकंदिनि। साधु बिबुध कुल हित गिरि नंदिनि। संत समाज पयोधि रमा सी। बिस्व भार भर अचल छमा सी।। अर्थात यह राम कथा असुरों की सेना के समान नरकों का नाश करने वाली और साधु रूप देवताओं के कुल का हित करने वाली माता पार्वती के रूप में माता दुर्गा जी है। यह संत समाज रूपी क्षीर समुद्र के लिए माता लक्ष्मी जी के समान है और सम्पूर्ण विश्व का भार उठाने में अचल पृथ्वी के समान है। इस राम कथा की महिमा अनंत है। आप देखिए तो पाएंगे कि गोस्वामी तुलसीदास जी अपने समय और समाज के प्रति सचेत कवि हैं जो बिना तत्कालीन शासकों का नाम लिए हुए उस समय और समाज का यथार्थ परक वर्णन करते हैं। असुरों की सेना कौन थी। जरा सोचिए आप वह असुरों की सेना तत्कालीन इस्लामिक सत्ता की सेना थी। सिकंदर लोदी से लेकर अकबर तक की सेना जो कि प्रायः तत्कालीन सनातनी हिंदुओं को धर्मांतरण के लिए विवश करती थी उसे हिंदू बने रहने के गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम कथा की रचना की। साधुरुप देवताओं के कुल की हित की बात क्यों गोस्वामी जी को करनी पड़ी। इसलिए क्योंकि हिंदुओं के घरों की बेटियों को तलवार के बल पर उठा लिया जाता था ऐसे में दुर्गा रूप में बेटियों की कल्पना गोस्वामी जी की लेखनी की महिमा है, जिसे श्री गणेश जी ने प्रारंभ कराया था। इतने अपार साहस के साथ धर्मांतरण को रोकने वाले महानायक तुलसीदास जी ही थे। तत्कालीन बेटियों में मां पार्वती और माता दुर्गा के आरोपण से सनातनियों में आत्म बल का सन्निवेश करने वाले गोस्वामी जी सबसे शक्तिशाली और महान कथा वाचक हैं। यमदूतों के रूप में तत्कालीन सत्ता से श्री राम कथा किस तरह धर्म की रक्षा में निमग्न होती है सुनिए। जम गन मुंह मसि जग जमुना सी। जीवन मुकुति हेतु जनु कासी।। रामहि प्रिय पावनि तुलसी सी। तुलसिदास हित हिय तुलसी सी। अर्थात यमदूतों के मुख पर कालिख लगाने के लिए यह जगत में यमुना जी के समान है और जीवों को मुक्ति देने के लिए मानो काशी ही है। यह श्रीराम जी को पवित्र तुलसी के समान प्रिय है और तुलसीदास के लिए हुलसी (तुलसीदास जी की माता) के समान हृदय से हित करने वाली है। तो आदि काल से ही श्री राम कथा विविध रूपों में धर्म ध्वजा की वाहक रही है। गोस्वामी तुलसीदास श्रीराम जी की कथा के सबसे बड़े प्रस्तोता हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# विपक्ष की रणनीति या सचमुच का झगड़ा!

विपक्षी पार्टियां किसी रणनीति के तहत आपस में लड़ रही हैं या उनका झगड़ा सचमुच का है? यह लाख टके का सवाल है। अलग अलग पार्टियों के नेता अनौपचारिक बातचीत में इस सवाल का अलग अलग जवाब दे रहे हैं। विपक्षी एकता की रणनीति पर काम करने वाले एक जानकार नेता का कहना है कि चुनाव आते आते सारी पार्टियां एकजुट होंगी। उनका कहना है कि अभी एकता बनाने का कोई फायदा नहीं है, उलटे नुकसान हो सकता है। अगर अभी विपक्षी एकता बन जाती है और यह तय हो जाता है कि कांग्रेस के साथ मिल कर विपक्ष चुनाव लड़ेगा तो सभी पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं में भगदड़ मचेगी। जमीनी स्तर पर टकराव बढ़ेगा। इसलिए पार्टियां अभी अलग अलग राजनीति कर रही हैं।

विपक्षी पार्टियां यह भी सोच रही हैं कि अभी से एकता का मैसेज होगा तो भाजपा अलर्ट होगी और उसकी तैयारी भी उसी हिसाब से होगी। दूसरे, विपक्षी एकता बनती दिखेगी तो भाजपा और केंद्र सरकार किसी न किसी तरह से उस एकता को तोडने का प्रयास करेंगे। विपक्ष की कई पार्टियां इस चिंता में भी हैं कि कांग्रेस से ज्यादा नजदीकी दिखाएंगे तो केंद्रीय एजेंसियां पीछे पड़ेंगी। हालांकि यह विपक्ष की खुशफहमी है कि वे सब लोग आपस में लड़ रहे हैं तो भाजपा लापरवाह है। भाजपा में कोई लापरवाही नहीं है। वह दोनों स्थितियों के लिए तैयार है। विपक्ष अलग अलग लड़े या एक साथ मिल कर लड़े उसकी तैयारी चल रही है।

ध्यान रहे संसद के पिछले सत्र तक संसद में सभी पार्टियां एक रहती थीं। संसद के बाहर जरूर विपक्षी पार्टियों की राजनीति अलग अलग होती थी लेकिन संसद में मल्लिकार्जुन खडगे की अपील पर डेढ़ दर्जन पार्टियां साथ आ जाती थीं। इनमें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस भी शामिल होती थी और के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति के नेता भी रहते थे। समाजवादी पार्टी तो रहती ही थी। लेकिन इस बार संसद में तृणमूल, बीआरएस और सपा तीनों अपने तेवर दिखा रहे हैं। कहा जा रहा है कि रणनीति के तहत सभी विपक्षी पार्टियां अपनी अपनी राजनीति करने का मैसेज बनवा रही हैं।

# डब्ल्यूपीएल–2023: दनादन रन झमाझम धन

**ग्यारह में से सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश की चार महिला क्रिकेटरों ने अपने प्रदर्शन से मोहित कर दिया। एक तरफ बुलंदशहर जैसे छोटे कस्बे से आई हरफनमौला पार्श्वी चोपड़ा थीं तो प्रयागराज की फलक नाज और फिरोजाबाद की सोनम यादव ने अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। हरियाणा, पश्चिम बंगाल, पंजाब जैसे राज्यों के छोटे से गांव की लड़कियों ने समाज की रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर लैंगिक ...**

संदीप भूषण

वर्ष 1976 में पहला टेस्ट मैच खेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भारतीय क्रिकेट बोर्ड का हिस्सा बनने में तीन दशक का समय लगा और 2006 के करीब भारतीय महिला क्रिकेट संघ का बीसीसीआई में विलय हुआ।

हालांकि, खेल में महिलाओं की दावेदारी 2016 के रियो ओलंपिक और 2018 के क्रिकेट विश्व कप प्रदशर्न ने और मजबूत कर दी। बदलाव की यही जो नींव पड़ी आज महिला प्रीमियर लीग के रूप में बेहतर मुकाम पाने की तरफ बढ़ रही है। छब्बीस मार्च को जिस भी टीम की जीत हो, महिला क्रिकेट इतिहास के लिए यह स्वर्णिम दिन होगा। इस प्रीमियर लीग ने जहां एक तरफ पुरु ष का खेल माने जाने वाले क्रिकेट में महिलाओं की जबरदस्त उपस्थिति दर्ज कराई है, वहीं आर्थिक मोर्चे पर भी कई सफलताएं हासिल कर ली हैं। लीग के पहले सत्र में ही मीडिया अधिकार पाने की होड़ लगी हुई थी। अंत में रिलायंस के अधिकार वाले बायोकॉम ने 951 करोड़ की बोली लगाकर पांच वर्ष के लिए इसे हासिल किया और प्रति मैच 7.09 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई। यह पहली कामयाबी थी, जिससे समझना आसान हो गया कि क्रिकेट में महिलाएं भी पुरु षों के बराबर पर खड़ी हो सकती हैं। पुरु ष आईपीएल की शुरुआत में 2008 में सोनी ने मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए (2008–17) 8,200




करोड़ रु पये का भुगतान किया था। बाद में जब डिज्नी–स्टार ने मीडिया अधिकार हासिल किए तो 2018 से 2022 के बीच उसका मूल्य दोगुना बढ़कर 16,347.5 करोड़ रु पये यानी प्रति मैच 55 करोड़ रु पये हो गया। यह महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले भले ही कम हो, लेकिन शुरु आत बेहतर होने से आगामी सत्रों के लिए उम्मीद तो बढ़ी ही है। प्रायोजकों ने भी महिला प्रीमियर लीग को हाथों–हाथ लिया है। साफ है कि बीते 15 वर्षो में ब्रांडों के लिए आईपीएल के साथ जुडना प्राथमिकता रही है। सभी बड़े ब्रांड अपने टारगेट ऑडियंस तक पहुंचने के लिए इसे सबसे सटीक माध्यम मानते हैं। चूंकि क्रिकेट में पुरुषों का बोलबाला था, पुरुष को ध्यान में रखकर प्रोडक्ट का प्रचार उनकी मजबूरी बन गई थी। अब महिला प्रीमियर लीग ने उनके लिए नया मंच मुहैया कराया है, जहां वे महिलाओं से जुड़े प्रोडक्ट का भी प्रचार–प्रसार कर पाएंगे। महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने वाले कई ब्रांड या तो महिला टीमों के माध्यम से या फिर ब्रॉडकास्टर के माध्यम से टूर्नामेंट से जुड़े हुए हैं। आज हम सौंदर्य प्रसाधन से लेकर आभूषण और यहां तक कि साड़ी के ब्रांड तक क्रिकेटरों को ब्रांड एम्बेसडर बना रहे हैं। तनिष्क, वेगा ब्यूटी, हिमालय फेस केयर आदि रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के प्रमुख प्रायोजकों शामिल हैं, और नवासा व जॉय पर्सनल केयर दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख प्रायोजक हैं। लोटस हर्बल्स मुंबई इंडियंस का प्रमुख भागीदार है। इससे साफ हो जाता है कि महिला प्रीमियर लीग ने आगामी क्रिकेटरों के लिए भविष्य के राह खोल दिए हैं। महिला खिलाडियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें भी खूब मेहनत कर रही हैं। जमीनी स्तर की प्रतिभा को निखारने के लिए खेलों इंडिया जैसे आयोजन हो रहे हैं, तो इंफ्रास्ट्रक्टर के मोर्चे पर भी खूब खर्च किया जा रहा है। हॉकी और एथलेटिक्स में कॅरियर बनाने की चाह रखने वाली महिला खिलाडियों के लिए ओडिघ्शा सबसे माकूल जगह बनकर उभरा है। हरियाणा कुश्ती का हॉटस्पॉट बन गया है तो यूपी उत्तर भारत में बैडमिंटन और एथलेटिक्स के साथ क्रिकेट खिलाडियों की फौज तैयार कर रहा है, तो झारखंड तीरंदाजी, बिहार और हिमाचल रग्बी आदि के खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं। हैदराबाद बैडमिंटन में सिरमौर है तो नॉर्थ–ईस्ट मुक्केबाज तैयार कर रहा है। उत्तर प्रदेश में महिला खिलाडियों के प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार पूरे प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को तलाशने की योजना पर काम कर रही है। सरकार इसके तहत शॉर्टलिस्ट की गई महिला एथलीटों को 5 लाख रु पये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। गौरतलब है कि क्रिकेट में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी ने जब पहली बार अंडर–19 विश्व कप का आयोजन किया तो पूरे टूर्नामेंट में लड़कियों का दमखम देखते ही बन रहा था। भारत ने खिताब जीता और टीम में वो लड़कियां शामिल थीं, जिन्होंने अभाव में अपने हुनर को निखारा। ग्यारह में से सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश की चार महिला क्रिकेटरों ने अपने प्रदशर्न से मोहित कर दिया। एक तरफ बुलंदशहर जैसे छोटे कस्बे से आई हरफनमौला पार्श्वी चोपड़ा थीं तो प्रयागराज की फलक नाज और फिरोजाबाद की सोनम यादव ने अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। हरियाणा, पश्चिम बंगाल, पंजाब जैसे राज्यों के छोटे से गांव की लड़कियों ने समाज की रूढिघ्वादी परंपराओं को तोड़कर लैंगिक समानता हासिल करने की लड़ाई लड़ी।

**मंगल टरबाइन को सिंचाई और कुटीर उद्योगों के लिए वरदान बताते हुए आईआईटी, दिल्ली और विज्ञान शिक्षा केंद्र के एक अध्ययन ने बताया है कि पूरी तकनीक ऐसी है, जो गांव स्तर पर अपनाई जा सकती है, और इससे गांवों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा। भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नियुक्त बीपी मैथानी समिति ने इस बारे में विस्तृत संस्तुतियां भी दी हैं कि मंगल टरबाइन...**

# सामयिक : ग्रामीण प्रतिभाएं सामने आए

भारत डोगरा

प्राय: वैज्ञानिक छोटे और साधारण किसानों की कृषि को पिछड़ी हुई मानते हैं, और इस कारण इसकी उपेक्षा भी करते हैं।

दूसरी ओर शीर्ष वैज्ञानिक डॉ. आर.एच. रिछारिया कहा करते थेरू श्हमें साधारण किसानों विशेषकर आदिवासी किसानों से बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है, और हमें उनके परंपरागत ज्ञान और प्रयासों को समझने और सीखने का प्रयास करना चाहिए।य चावल अनुसंधान का भारत में बहुत उत्साहवर्धक काम डॉ. रिछारिया के नेतृत्व में तत्कालीन मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में किया गया। अधिकतर काम मध्य प्रदेश चावल अनुसंधान संस्थान (मप्रचअस) में हुआ जिसके निदेशक डॉ. रिछारिया थे। छत्तीसगढ़ क्षेत्र से 17000 से भी अधिक चावल की किस्में और उप–किस्में एकत्र की गई, अनेक सुधरे चयन किए गए, अनेक देसी अधिक उत्पादकता की किस्मों की पहचान की गई और देशीय जनन–द्रव्य पर आधारित उत्साहवर्धक और महत्त्वपूर्ण संभावनाओं वाला कार्यक्रम विकसित किया गया। उस समय के मप्रचअस के प्रकाशनों और दस्तावेज में इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ. रिछारिया द्वारा लिखित वर्ष 1977 के दस्तावेज श्मध्य प्रदेश में चावल का दीर्घकालीन विकास सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिय (अ स्ट्रेटजी फॉर राइस प्रोडक्शन टू एंश्योर सस्टेंड ग्रोथ इन मध्य प्रदेश) से नीचे के तथ्य लिए गए हैं। इस दस्तावेज में सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह स्पष्ट की गई है कि विदेशीय अधिक उत्पादकता की किस्मों (अउकि) के बराबर या उससे अधिक उत्पादकता अपेक्षाकृत कहीं कम खर्च में देने वाली अनेक देसी अउकि भी उपलब्ध हैं। 1975 में ऐसी अनेक किस्मों पर राज्य भर में व्यापक प्रयोग किए गए जिनके परिणामस्वरूप उनसे औसतन 3984 किग्रा. प्रति हेक्टेयर धान या 2269 किग्रा. प्रति हेक्टेयर चावल की उत्पादकता प्राप्त हुई जो उस समय मध्य प्रदेश कृषि विभाग द्वारा निर्धारित अउकि की परिभाषा की (3705 किग्रा. धान प्रति हेक्टेयर) से अधिक थी। इस दस्तावेज में विभिन्न देशी किस्मों से उपलब्ध होने वाली अधिक उत्पादकता को विस्तार में बता कर कहा गया है कि बी.डी. सीरीज के अंतर्गत चयनित किस्में निकट भविष्य में उत्पादकता बढ़ाने का आधार सिद्ध हो सकती हैं, और स्वाद, विनाशक जंतुओं और कुछ हद तक सूखे से प्रतिरोध की दृष्टि से भी लाभप्रद हैं। देशी किस्मों में से लगभग 9 प्रतिशत अउकि पाई गई जो 3705 किग्रा. धान प्रति हेक्टेयर से अधिक उत्पादकता दे रही थीं। प्रायरू वे कुछ थोड़े से हिस्सों या किसानों तक सीमित थीं। मप्रचअस ने उनके सुधरे चयन विकसित किए और उपलब्ध कराए। कुछ देशी बौनी किस्मों की भी पहचान की गई। 8 प्रतिशत देशी किस्मों को शीघ्र तैयार होने वाला पाया गया। अनेक किस्मों में सूखा प्रतिरोधन सामर्थ्य पाई गई और वे विशेषकर उच्च भूमि (अपलैंड्स) या शटिकरा भाटाय जमीन के लिए उपयोगी पाई गई। उनके विकसित चयन उपलब्ध करवाए गए जो विनाशक जंतुओं के भी प्रतिरोधी थे। कुछ किस्में बहुत जल्दी तैयार होती थीं और उनकी खाद की जरूरत भी कम थी। इसी प्रकार 273 सुगंधित किस्मों की पहचान की गई जैसे सेहावा नगरी की डुबराज और डाबरा की काली मूंछ। अनेक ऊंची कीमत उपलब्ध कराने वाली बढिया दाने की किस्मों की पहचान हुई जैसे तिल कस्तूरी, मोतीचूर, कटकी कमेली आदि। लंबे दाने की किस्मों जैसे डोकरा डेकरी का भी पता लगाया गया। चिलको किस्म की चपाती बनती थी और खोवा किस्म का सूखे दूध जैसा स्वाद पाया गया। एक किसान वैज्ञानिक मंगल सिंह के अनुभवों और उपलब्धियों से पता चलता है कि किसानों की समस्याओं की बहुत व्यावहारिक समझ होने के कारण किसान वैज्ञानिक खेती की समस्याओं के समाधान में कितना महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। हमारे देश में लाखों किसान बहते नदी–नालों से खेत की सिंचाई करने के लिए डीजल पंप सेट से पानी उठाते हैं। अनेक गांवों में पेयजल के लिए या अन्य उपयोग के लिए भी इस तरह पानी उठाया जाता है। इस डीजल पर किसानों का बहुत पैसा खर्च होता है और प्रदूषण होता है सो अलग। ललितपुर जिले (उत्तर प्रदेश) के मंगल सिंह ने किसानों की इस समस्या को समझा और मंगल टरबाइन बना कर ऐसी व्यवस्था संभव की कि बिना डीजल और बिजली के ही पानी उठाकर प्यासे खेतों तक पंहुचाया जा सके। अपने इस पेटेंट प्राप्त आविष्कार के बारे में मंगल सिंह स्वयं बताते हैं, मंगल टरबाइन गांव में ही बनने वाली ऐसी मशीन है, ग्रामीण तकनीकी है जो बहती जल धारा से चलती है। एक आवश्यकता के अनुरूप छोटा–बड़ा व्हील बनाते हैं, जिसे एक चक्कर बढ़ाने वाले गियर बॉक्स से जोड़ते हैं जिससे इंजन मोटर की भांति तेज स्पीड चक्कर बनते हैं। गियर बाक्स की आउटपुट शॉफ्ट दोनों तरफ निकली होती है, जिससे क्लोकवाइज या एंटी–क्लोकवाइज कोई एक या दोनों भी एक साथ पंप चला सकते हैं। गियर बॉक्स की शॉफ्ट के दूसरे सिरे पर पुल्ली लगाकर कुट्टी मशीन, आटा चक्की, गन्ना पिराई या कोई भी अन्य कार्य कर सकते हैं या जनरेटर जोड़ कर बिजली बना सकते हैं। आम तौर पर ग्रामीण इलाकों में जहां किसान नदी–नालों से डीजल या बिजली पंपों से सिंचाई करते हैं, वहां मंगल टरबाइन द्वारा बिना इंजन, बिना मोटर, बिना डीजल, बिना बिजली के सिंचाई करते हैं। पाइपों द्वारा पानी कहीं भी ले जा सकते हैं। पीने के लिए भी पानी पंप कर सकते हैं। मंगल टरबाइन का उपयोग यदि उन सभी स्थानों पर किया जाए जो इसके अनुकूल हैं, तो इससे करोड़ों लीटर डीजल की बचत सालाना हो सकती है, और किसान का खर्च भी बहुत कम हो सकता है। प्रदूषण विशेषकर ग्रीनहाऊस गैसों का उत्सर्जन भी बहुत कम होगा। मंगल टरबाइन को सिंचाई और कुटीर उद्योगों के लिए वरदान बताते हुए आईआईटी, दिल्ली और विज्ञान शिक्षा केंद्र के एक अध्ययन ने बताया है कि पूरी तकनीक ऐसी है, जो गांव स्तर पर अपनाई जा सकती है, और इससे गांवों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा। भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नियुक्त बीपी मैथानी समिति ने इस बारे में विस्तृत संस्तुतियां भी दी हैं कि मंगल टरबाइन का व्यापक प्रसार किया जाए।



## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन गंभीर

देसही देवरिया। महुआडीह थाना क्षेत्र के जंगलबेलवा गांव के पास दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया। थाना क्षेत्र के जंगलबेलवा गांव के करीब एक ईंट–भट्ठे के पास, महुआडीह– हेतिमपुर मुख्य मार्ग पर दो बाइकें आमने–सामने टकरा गईं। हादसे में बाइक पर बैठी एक महिला सहित आशुतोष दुबे (25), निवासी बुद्धनपुर, थाना लार और क्षेत्र के पिपरहियां गांव के रहने वाले सूरज मिश्रा (26), गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस बुलाकर तीनों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों बाइक कब्जे में लेकर थाने गई। इस संबंध में एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया की हादसे में एक महिला सहित दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल भिजवाया गया। घायल तड़पते रहे, लोग बनाते रहे वीडियो: देसही देवरिया। दो बाइक की आमने–सामने भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिंदगी और मौत से जूझ रहे घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की जरूरत थी। राहगीरों की तरफ मदद की आस लगाए वह एक घंटे तक बीच सड़क पर पड़े निहारते रहे। लेकिन राहगीर एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेज कर मदद करने की बजाय उनका तड़पते हुए वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। उन्हें उठाकर सड़क किनारे करने को भी कोई आगे नहीं आ रहा था। इसी बीच कुछ लोग पहुंचे और एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भिजवाए।

## थाने में फरियादी को पीटने पर उप निरीक्षक लाइनहाजिर

महराजगंज। निचलौल थाने में फरियादी को पीटने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी उप निरीक्षक अख्तर आलम को लाइनहाजिर कर दिया है। ट्विटर के माध्यम से वायरल वीडियो की जांच क्षेत्राधिकारी निचलौल ने की। जांच में थाना निचलौल पर तैनात उपनिरीक्षक अख्तर आलम से वार्ता की गई। प्रभारी निरीक्षक निचलौल आनंद कुमार गुप्ता से जानकारी की गई तो पता चला कि 25 मार्च 2023 को थाना निचलौल दर्ज मुकदमे के विवेचक उपनिरीक्षक अख्तर आलम ने पीड़ित पक्ष आरोपी नासिर सिद्दीकी, पन्ने लाल मौर्य आदि थाने पर बुलाया था। दोनों पक्ष अपना–अपना पक्ष रख रहे थे। इस दौरान आरोपी पन्ने लाल मौर्या ने गुरफान अली के पिता उस्मान अली, जांचकर्ता विवेचक उपनिरीक्षक अख्तर आलम पर नेमप्लेट देखकर जातिगत धार्मिक रूप से टिप्पणी की। विवेचक ने मना किया लेकिन अनसुना कर दिया। विवेचक अख्तर आलम अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उग्र होकर कुर्सी से खड़े हो गए। पन्नेलाल मौर्य व आरोपी गुरफान अली के पिता उस्मान अली का चालान दिया। जांच के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि मुकदमे से संबंधित पीड़ित व आरोपी पक्ष निचलौल कस्बे के घोड़हवा चौराहे पर मारपीट करने के बाद थाने पर आए थे। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित उपनिरीक्षक को लाइनहाजिर कर दिया गया है। विभागीय कार्रवाई के साथ जांच शुरू है।

## .कविता.

भक्तों का भय दूर करने
मां कालरात्रि आती हैं,
नवरात्र के सातवें दिन
मां काली पूजी जाती हैं।
दुष्टों का नाश करने को
मां भद्रकाली बन जाती हैं,
शुभ फल देने वाली मैया
शुभंकरी भी कहलाती हैं
रक्तबीज के रक्त से
जब बढ़े असुर हजार हैं,
तब माता दुर्गा ने लिया
भद्रकाली का अवतार है।
अत्याचार हुआ देवों पर
देवियां भी विकल भईं ,
रक्त न गिरने दिया धरा पर
मां राक्षसों को निगल गईं।
शुंभ निशुंभ दानवों का भी
माता ने संहार किया,
दैत्यों से फिर मुक्ति दिलाकर
देवताओं पर उपकार किया।
सच्चे मन से जो ध्यावें मां को
मन में माता को रखते हैं,
भय नहीं आता निकट भी उनके
चिंता मुक्त वो रहते हैं।
जय माता दी ....



**डॉ सीमा मिश्रा/ दैनिक बुद्ध का संदेश**

# श्रम विभाग की टीम ने मारा छापा, 14 बच्चे मुक्त कराए

रामपुर कारखाना। थाना क्षेत्र बभनौली गांव में ईंट–भट्ठे की दीवार गिरने से दो मजदूरों के मौत के मामले में पुलिस ने भट्ठा मालिक सहित चार लोगों पर नामजद और चार अज्ञात पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पक्ष ने भट्ठा मालिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए नाबालिग बच्चों को बंधुआ मजदूर बनाकर काम कराने का आरोप भी लगाया है। इसे लेकर श्रम विभाग ने समिति गठित कर छापा मारा। जहां मौके से 14 बच्चों को मुक्त भी कराया है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बभनौली स्थित मुक्ति नाथ त्रिपाठी का ईंट–भट्ठा एमएमटी नाम से चलता है। भट्ठे पर छत्तीसगढ़ के अधिकांश मजदूर काम करते हैं।सुबह भट्ठे से ईंट निकालने के दौरान दीवार दरक गई। इसमें दो मजदूरों की मौत हो गई। जबकि तीन महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक यशवंत उर्फ छोटू के पिता मोहित राम यादव निवासी लखन, थाना कसडौल, जिला बलदौर बाजार, छत्तीसगढ़ की तहरीर पर पुलिस ने ईंट–भट्ठा मालिका मुक्तिनाथ त्रिपाठी, उनके पुत्र अजीत त्रिपाठी, संजू, मुनीब मुस्तफा और चार अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि भट्ठा मालिक एवं उनके पुत्र ने भट्ठे से पुरानी ईंट निकालने के लिए दबाव बनाया। हम लोगों ने कहा कि पुरानी एक ईंट निकालने से दीवार गिर जाएगी, लेकिन हमारी एक न सुनी गई और ईंट निकालते समय एक दीवार दर गई, जिससे हादसा हो गया। आरोप लगाया कि भट्ठा मालिक मजदूरी भी नहीं देते हैं तथा नाबालिग बच्चों को बंधुआ मजदूर बनाकर काम करवाते हैं। उनकी मजदूरी दिहाड़ी में नहीं जोड़ते हैं। इस मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और बाल श्रम कानून अधिनियम के तहत का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक मजदूर के पिता की तहरीर पर चार नामजद व अज्ञात चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

**टीम की जांच में मिलीं खामियां**

रामपुर कारखाना। ईंट–भट्ठे पर जांच में जुटी श्रम विभाग टीम और सदर एसडीएम सौरभ सिंह ने देर शाम ईंट–भट्ठे पर काम करने वाले 14 नाबालिग मजदूरों को मुक्त कराया। जांच कर रही समिति ने मेडिकल कराने के बाद सभी नाबालिगों को चाइल्ड केयर भिजवाया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने बताया कि मामले में समिति गठित कर दी गई है। जांच चल रही है। रिपोर्ट आने के बाद कोई कार्रवाई की जाएगी। नाबालिग बच्चों का मेडिकल कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच की गई तो पता चला कि मौके पर 83 श्रमिक नियोजित थे। इसमें 14 बाल श्रमिक (दस फीमेल, चार मेल) मिले। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के तहत भट्ठे पर कार्यरत 14 बाल किशोर श्रमिकों को मौके से उप जिलाधिकारी सदर, सीओ नगर एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी की मौजूदगी में अवमुक्त कराया गया। उन्हें चाइल्ड लाइन, वन स्टॉप सेंटर के साथ महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में आयु परीक्षण कराकर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के सुपुर्द कर दिया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि इस ईंट–भट्ठे पर विभिन्न श्रम नियमों का उल्लंघन होता हुआ भी पाया गया। वेतन भुगतान अधिनियम 1936, बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986, संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 तथा उत्तर प्रदेश संविदा श्रमिक अधिनियम 1975, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 सहित विभिन्न अधिनियमों का अनुपालन होता नहीं मिला। इन अधिनियमों में निहित प्रावधानों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# घर में रहता कोई नहीं, बिजली बिल आया 13,685

महराजगंज। जिले में खराब मीटर से उपभोक्ता परेशान हैं। भंडारण में मीटर कम होने के कारण समस्या हो रही है। बिजली का बिल ज्यादा आ रहा है। न तो नया मीटर लग रहा है, न ही बढ़ा बिल कम हो रहा है। इससे उपभोक्ताओं की आर्थिक सेहत खराब हो रही है। बढ़े बिजली के बिल के बोझ से कराह रहे उपभोक्ता परेशान हैं। अधिकारी आश्वासन देकर उपभोक्ताओं को खामोश करा देते हैं, लेकिन बिल का बढ़ना रुकता नहीं है। जिले में करीब 25,000 मीटर खराब हैं। 5,000 नए मीटर भी बिजली निगम को मिल चुके हैं। ये सभी डिविजन में भेजे जा चुके हैं। खराब मीटर के स्थान पर नया मीटर लगाया जा रहा है लेकिन यह संख्या काफी कम है। उपभोक्ताओं को मीटर लगवाने के लिए सिफारिश करनी पड़ रही है।

जिले में करीब तीन लाख उपभोक्ता हैं। मीटर नहीं होने की समस्या बीते करीब छह माह से है। पर्याप्त मीटर नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। नए कनेक्शन लेने में भी उपभोक्ताओं को दुश्वारियां हो रही हैं। मीटर नहीं रहने के कारण नया कनेक्शन देने से भी विभाग कतरा रहा है।

कार्यालय का लगा रहे चक्कर: घुघली क्षेत्र के पकड़ियार विशुनपुर गांव लालसा पाल ने बताया कि मीटर ठीक नहीं है। पांच माह बाद मीटर रीडर ने 95,000 का बिल निकाल दिया। अब विभाग के चक्कर लगा रहा हूं। मीटर ठीक रहता तो समस्या नहीं होती। रीडिंग के अनुसार बिल जमा किया जाता। ज्यादा बिल होने से आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

एक कनेक्शन पर दो बिल आने से टेंशन: पकड़ियार विशुनपुर गांव के जितेंद्रनाथ पांडेय ने बताया कि घर में बिजली का कनेक्शन है। दो माह बाद जब मीटर लगा तो एक कनेक्शन का बिल आ रहा था, लेकिन कुछ समय बाद एक ही नाम के कनेक्शन से दो बिल आने शुरू हो गए। छह माह से बिजली निगम के कार्यालय के चक्कर लगा रहा हूं। इन दिनों में बिजली का बिल बढ़कर 44,000 रुपये हो चुका है। उन्होंने बताया कि बिजली निगम के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समस्या दूर होने के बजाय, सिर्फ आश्वासन देकर घर भेज दिया जाता है। फाइल बनाकर रखा हूं। समस्या पता नहीं कब तक दूर होगी। बिल का बोझ भी बढ़ता जा रहा है।

घर में रहता कोई नहीं बढ़ गया बिल: भिउराहसनगंज गांव के रामकिसुन ने बताया कि अगस्त 2022 में मीटर यूनिट 416 बता रहा था। दो माह में मीटर 1750 बताने लगा। बिल आया है 13,685 रुपये का। घर पर कोई नहीं रहता है। हैरत की बात है कि बिजली का उपयोग हुए बगैर मीटर रीडिंग कैसे बढ़ गई। मीटर की गड़बड़ी ठीक कराने के लिए बिजली निगम के कार्यालय के चक्कर लगा रहा हूं। उप खंड अधिकारी ने आवेदन पर ऑर्डर कर दिया लेकिन मीटर अब तक नहीं लग सका। पूछने पर पता चला कि मीटर की कमी है। इस वजह से समस्या हो रही है। घर में जलते दो एलईडी बल्ब, बिल आया 45,000: निचलौल क्षेत्र के सेखुई निवासी राजेंद्र भारती ने बताया कि पिछले करीब तीन वर्ष पहले दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत मुफ्त में बिजली कनेक्शन हुआ था। कनेक्शन के दौरान मीटर भी लगा था। घर में रोशनी के लिए महज दो एलईडी बल्ब जलते हैं। लेकिन तीन वर्षों में 45,000 रुपये बिजली बिल आ चुका है। बिल ठीक कराने के लिए कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुका है लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। लगता है कि मीटर खराब होने के कारण यह समस्या हुई है। समस्या दूर नहीं हुई, रकम भी ले ली: निचलौल क्षेत्र के दुधराई गांव के सुरेश थापा ने बताया कि कनेक्शन के साथ करीब 15 साल पहले मीटर लगा। दो कमरे के घर में दो बल्ब जलते हैं। छह रुपये प्रति माह बिल आता था। वर्ष 2017 में 15,000 रुपये बिल जमा किया था। मीटर की जांच कराई तो अब बिल करीब एक लाख से अधिक बताया जा रहा है। मीटर ठीक कराने और बिल कम कराने के लिए एक लाइनमैन ने रकम भी ले ली लेकिन काम नहीं हुआ। बिल ज्यादा होने से लग रहा है कि मीटर ही खराब है। जांच हो गई होती तो यह समस्या नहीं आती। मोटी रकम कैसे जमा होगी। यह सोचकर परेशान हूं।

## विद्यासागर यादव बने सपा जिलाध्यक्ष

महराजगंज। समाजवादी पार्टी ने विद्यासागर को पार्टी का नया जिलाध्यक्ष बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से जारी की गई सूची के मुताबिक विद्यासागर को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले विद्यासागर सिसवा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष से पूर्व वह लंबे समय तक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में पार्टी से जुड़े रहे। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश नेतृत्व ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरा करने में कोई कोताही नहीं की जाएगी। पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, विंद्रेश कन्नौजिया, पवन वर्मा समेत अन्य सपाइयों ने प्रसन्नता जताई है।

## आदि शक्ति मां देउरवा वाली पुरी करती मनोकामना: संजय मणि त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

भिटौली,महराजगंज। नवरात्र के पांचवे दिन लक्ष्मीपुर देउरवा दुर्गा मंदिर विश्वकर्मा, रामाश्रय पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच मां दुर्गा को माल्यार्पण किया। जयकारे से पूरा मंदिर याय ने बताया कि यहां मुंडन संस्कार, विवाह आदि कार्यक्रम होते रहते हैं। इस अवसर पर सामवेद





में जगत जननी मां देउरवा के माल्यार्पण कार्यक्रम में बीती रात जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी, दुर्गावती देवी इंटर कालेज के प्रबंधक जितेंद्र मिश्र, पैरामाउंट इंटर कालेज के प्रबंधक बृजेश पांडेय, जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के जिला मंत्री सुशील कुमार शुक्ल, कृष्णानंद दुबे, राजेश कुमार तिवारी, शिक्षक परमानंद गुंज उठा। संजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि जगत जननी मां देउरवा वाली सबका कल्याण करती है।सबकी मनोकामना पुरी करती है। सुशील शुक्ल ने कहा कि सच्चे मन से मांगी गई मुराद मां पुरा करती हैं। यहां गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, नेपाल, सिद्धार्थ नगर, कुशीनगर से भी श्रद्धालु आते हैं। मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश उपाध्याय तिवारी,पैरामाउंट इंटर कालेज के प्रबंधक बृजेश पांडेय, प्रधानाचार्य नवीन कुमार पांडेय, पैरामाउंट इंग्लिश स्कूल के प्रधानाचार्य संगम पांडे य, श्यामसुंदर चौहान, राकेश शुक्ला, सत्येंद्र शुक्ला, ओम प्रकाश उपाध्याय, शास्त्री मणि त्रिपाठी, अवधेश मणि, चंद्रभान तिवारी, धीरज कुशवाहा, नीतीश मणि, भोला यादव, प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे।

## अपराधियो पर चलाया गया वृहद अभियान, 22 नफर गैर जमानतीय वारंटियों का तामिला

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र बस्ती द्वारा चलाए जा रहे अभियान



के तहत अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी के द्वारा जारी आदेश जो वांक्षितधछठॅधजिला बदर की कार्यवाही के पश्चात वांक्षित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही के सम्बन्ध में जारी आदेश के क्रम जनपद बस्ती मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निर्देश व क्षेत्राधिकारी हरैया शेषमणि उपाध्याय के पर्यवेक्षण मे मुकदमे से सम्बन्धित गिरफ्तारी हेतु निर्गत आदेश निर्देश के अनुपालन में थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय थाना छावनी की टीम बनाकर कार्यवाही की गयी, जिसके परिणाम स्वरुप 22 नफर वारण्टी का तामिला कराया गया। जिसमें 12 लोग मृत पाए गए जिनका मृत्यु आख्या प्राप्त कर न्यायालय को भेज गया शेष 10 में 3 व्यक्ति द्वारा रिकाल प्रस्तुत किया गया व 7 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। वारण्टी को विधिक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया जा रहा है। जिसका विवरण निम्नवत है।

# 51000 दीपों से जगमगाएगा सिद्ध शक्ति पीठ गालापुर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। सोमवार को दोपहर ऐतिहासिक सिद्धपीठ गालापुर वटवासिनी महाकाली मन्दिर प्रांगण में बैठक किया गया जिसमें नवरात्रि के सप्तमी के पावन अवसर पर 51000 दीपों का दीपदान कर दीपोत्सव कार्यक्रम के आयोजन हेतु तैयारी कर कार्ययोजना बनाकर रणनीति बनाई गई। बैठक में कार्यक्रम की अन्तिम चरण की तैयारियां पूरी कर जिम्मेदारों को जिम्मेदारियां दी गई। इस दौरान पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मन्दिर व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्रा व सीओ इटवा मय पुलिसबल के साथ कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय किया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में 51000 दीपों को जलाकर दीपोत्सव मनाने की रणनीति बनी हैं





किंतु लोगों के उत्साह को देखकर लग रहा हैं लक्ष्य के सापेक्ष और अधिक दीप जलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 100 दीपों का एक ब्लॉक बनाया जायेगा और 1000 दीपों का एक ग्रुप, एक ग्रुप में जलाने के लिए 11 लोगों का चयन किया गया हैं। इस प्रकार से 510 ब्लॉक और 51 ग्रुप जिसमें जलाने वालों की 561 लोगों की टीम बनाई गई हैं। कार्यक्रम में मां काली के स्थान पर भव्य रंगोली बनाकर स्वास्तिक, ओम आदि धर्मिक कलाकृति बनाकर दीपों से सजाया जाएगा। कार्यक्रम का आरम्भ मां भगवती की आरती के बाद दीपोत्सव के उपरांत प्रसाद वितरित कर किया जायेगा। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा होगें। सीओ इटवा ने बताया हैं कि सुरक्षा की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था होगी। भारी संख्या में महिला, पुरुष पुलिस कर्मी व दमकल की गाड़ियां मौजूद रहेंगी। उन्होंने सभी से सुरक्षा नियमों का पालन करने का अनुरोध किया हैं। इस दौरान मन्दिर प्रशासन सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## मनमाने दर पर शराब बिक्री रोकने की मांग

### पूर्व विधायक संजय प्रताप ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रूधौली के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री



को पत्र भेजकर कहा है कि जनपद में आबकारी विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के संरक्षण में अवैध कच्ची शराब का कारोबार एवं अंग्रेजी तथा देशी शराब ओवर रेटिंग पर बेचवाये जाने के मामले सामने आ रहे हैं। पत्र में संजय प्रताप ने कहा है कि कप्तानगंज अर्न्तगत फेरसन गांव में 50 रूपये की जगह 55 रूपया दूकानदार से मांगा गया, इसे लेकर विवाद मारपीट में बदल गया। पता चला है कि इसमें आबकारी विभाग के इंसपेक्टर गिरजेश कुमार की अहम भूमिका है। उन्होने मांग किया कि इस मामले की जांच कराने के साथ ही दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। यह जानकारी पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल के मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने दी है।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

- प्रभारी मंती रविन्द्र जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला योजना वर्ष-2022-23 बैठक
- मंती ने प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव कार्यो को पूर्ण करने का दिया निर्देश



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला योजना वर्ष—2022—23 की बैठक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क पंजीयन उ0प्र0 व जनपद के प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल की अध्यक्षता में विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, विधायक सदर भूपेश चौबे, विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्य, विधाायक दुद्धी राम दुलार गोड़, ब्लाक प्रमुखगण, जिला पंचायत सदस्यगण व अन्य जिला योजना के नामित सदस्यगण, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। जिला योजना समिति की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने सभी जनप्रतिनिधिगणों के आवश्यक प्रस्ताव व सुझाव को गम्भीरता से सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किए कि जनपद के विकास के दृष्टि से जनप्रतिनिधिगणों के आवश्यक प्रस्ताव व सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला योजना वर्ष—2022—23 में प्राप्त सभी प्रस्तावों को जनहितार्थ कराने पर बल दिया। इस अवसर पर विधायकगण व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने स्थानीय क्षेत्र विशेष से सम्बन्धित आधारभूत सुविधाओं की प्राप्ति के क्रम में प्रभारी मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया, जिस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि सभी जनप्रतिनिधियों के स्थानीय कार्यो के प्रस्ताव को संस्तुति प्रदान करते हुए व्यापक तौर पर जनपद के समग्र विकास पर बल दिया जाएगा। इस सन्दर्भ में उन्होंने जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार से कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को सुशासन व जनकल्याणकारी कार्यो के क्रम में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में जनपद सोनभद्र की वार्षिक जिला योजना वर्ष 2022—23 तैयार किये जाने हेतु राज्य संसाधनों के रूप में रू0 346 करोड़ 86 लाख का परिव्यय का अनुमोदन प्रदान किया गया। शासन की प्राथमिकताओं एवं दिशा—निर्देशों के क्रम में जनपद की वार्षिक जिला योजना में उल्लेखनीय तथ्य प्रस्ताव निर्धारित किया गया है तथा वर्ष—2023—24 के लिए रू0 728 करोड़ 90 लाख के प्रस्ताव पर चर्चा की गयी और जिले के विकास पर बल दिया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत समूह गठन के माध्यम से लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने हेतु ऋणध्अनुदान उपलब्ध कराया जाये, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पर्क मार्ग, जल संचयन तथा पशुओं के पानी पीने हेतु तालाब आदि के निर्माण एवं रख—रखाव कार्य पर क्षेत्रीय निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया जाये एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत कार्यक्रम के अन्तर्गत गाँव में रात्रि के समय प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थापना बल दिया गया, स्थापना के पश्चात् संयंत्र को ग्राम पंचायत को स्थानान्तरित कर दिया जाये। वर्ष 2022—23 में सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थापना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित व्यक्तियों का शहरी क्षेत्र में पलायन रोकने तथा ग्रामीण क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यक्तिगत उद्यमियों को वित्तीय सहायता बैंकों के माध्यम से प्रदान की गयी है। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि मंत्री द्वारा आज की जिला योजना की बैठक में जो भी दिशा—निर्देश दिये गये हैं, उसका अनुपालन सभी अधिकारी निर्धारित समय अवधि में पर्ण कराना सुनिश्चित करेंगें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी(वि0रा0) सहदेव कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी आर0जी0 यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक आर0पी0 यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी गौरी शंकर शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अशोक मिश्रा, प्रतिनिधिगण, सदस्यगण जिला पंचायत, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार




दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी से संबंधित अपराधा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी घोरावल के निकट पर्यवेक्षण में करमा पुलिस द्वारा पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 9/2023 धारा 379 भा द वि में चोरी के एक अदद मोटर साइकिल मूल्य करीब 50000 के साथ भूपेंद्र कुमार मौर्य पुत्र स्व प्रवीण मौर्य निवासी ग्राम पापी उम्र 25 वर्ष आकाश मौर्य पुत्र रामसखी निवासी ग्राम पापी उम्र 22 वर्ष केकराह बाजार के पास से सोमवार को सुबह 10,10पर गिरफ्तार कर वाहन बरामद किया गया विधिक कार्यवाही की गई गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह उप निरीक्षक भूपेश सिंह हेड कांस्टेबल मनीराम कांस्टेबल दीपक पटेल चंदन सिंह रहे।

## ऑपरेशन मुक्ति, 8 बाल श्रमिकों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बचपन बचाओ आंदोलन के तहत बालश्रम की रोकथाम हेतु मानव तस्करी रोधी इकाई(ए0एच0टी0यू0) द्वारा जनपद सोनभद्र रॉबर्ट्सगंज मार्केट से कुल 08 बाल श्रमिकों को बाल श्रम से कराया गया मुक्तः।सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के आदेशानुशार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के कुशल निर्देशन के क्रम में 27 मार्च को ऑपरेशन मुक्ति,बचपन बचाओ आंदोलन, के तहत बालश्रम, मानव तस्करी रोधी इकाई द्वारा रॉबर्ट्सगंज मार्केट, में होटलों, ढाबों, दुकानों, बस स्टैण्ड आदि में चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान कुल 08 नाबालिग बच्चे बाल श्रम करते हुए पाए गए जिसपर बाल श्रमिकों के संबंधा में मौके पर उपस्थित मालिकों से बालकों के उम्र के संबंध में साक्ष्य मांगा गया परंतु उनके द्वारा साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया जा सका। उक्त बच्चे प्रथम दृष्टया नाबालिक प्रतीत हो रहे थे जिसके कारण टीम द्वारा सभी बाल श्रमिकों को मुक्त कराते हुए इनके नियोक्ताओं को श्रम विभाग द्वारा निरीक्षण नोट जारी किया गया। तथा मालिको को हिदायद दी गयी कि किसी भी दशा मे बाल श्रम न कराये तथा उक्त के सम्बंध में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है। इस दौरान श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी रॉबर्ट्सगंज सुयश पाण्डेय, ए0एच0टी0यू0 से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव, उ0नि0 हरिदत्त पाण्डेय मुख्य आरक्षी धनंजय यादव ,आरक्षी अमन द्विवेदी उपस्थित रहे।

## थाना दुद्धी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 01 ट्रक से 16620 बोतलों में 5320 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब

दैनिक बुद्ध का संदेश

- अनुमानित कीमत 53 लाख 20 हजार रुपये बरामद कर 01 अन्तरप्रांतीय शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार।



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निर्देशन में दिनांक 26. मार्च को थाना दुद्धी पुलिस रजखड़ से हाथीनाला रोड पर गश्त कर रही थी कि रजखड़ से हाथीनाला की तरफ जाने वाली सड़क पर ट्रक संख्या त्श्र14ळछ0048 (इंजन नम्बर और चेचिस नम्बर खुरचा हुआ जो जले हुए हालत मे गरदरवा मोड़ से पहले मुख्य सड़क पर खड़ी थी जिसकी चेकिंग की गयी तो ट्रक से सीग्रीम्स रिजर्व इम्पीरियल ब्लू ग्रीन विस्की 180 डस् की 10560 बोतल, सीग्रीम्स रिजर्व इम्पीरियल ब्लू ग्रीन विस्की 375 डस् की 3000 बोतल, मैकडावल नं0—1750 डस्की 3060 बोतल, कुल 16620 बोतल में 5320 लीटर अंग्रेजी शराब (अनुमानित कीमत 53 लाख 20 हजार रुपये) बरामद हुआ तथा मौके से एक अभियुक्त रामा राम पुत्र नेहरा राम निवासी मीठीयावास होडू थाना सिण्डरी जनपद बाडमेर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 36/2023 धारा 63/72 आबकारी अधिनियम व धारा 419, 420, 467, 468, 471, भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रभारी मंत्री नें जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। तत्पश्चात् प्रभारी मंत्री के जनपद आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया कार्यकर्ताओं को केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आवाह्न किया। भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्यअतिथि जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल, जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि देश में मोदी और प्रदेश मे योगी जी ने गरीब किसान और मजदूरों के लिए जन कल्याणकारी योजना चलाई है जिसका उन्हे सीधा लाभ मिल रहा है। प्रदेश में योगी सरकार से पहले गुण्डाराज कायम था जिसको अब खत्म किया गया है माफियाओं को जेल पहुंचाकर उनकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही हो रही है। प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी लोग हर व्यक्ति तक पहुंचायें हमारी कोशिश है कि हम हर जरुरतमंद तक सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को पहुंचाये। इसके लिए हमे कार्य करना चाहिए आज देश मे मोदी के नेतृत्व में देश का चौमुखी विकास हो रहा है प्रदेश मे भी मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने जनपद में आये प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। बैठक में मुख्यरुप से जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, सदर विधायक भूपेश चौबे, घेरावल विधायक अनिल कुमार मौर्य, दुद्धी विधायक रामदुलारें गोंड, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, पूर्व विधायक तिरथराज, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत, ओबरा चेयरमैन प्राणमती देवी, श्रवण जी, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, अमरनाथ पटेल, जीत सिंह खरवार, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे, शिवकुमार गुप्ता, जिला मंत्री शंम्भू सिंह, संतोश शुक्ला, कैलास बैसवार, अनूप तिवारी, राकेश मेहता, सहित सभी मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में

- अन्य राज्य से अवैध शराब के परिवहन की रोकथाम के उद्देश्य से यमुना एक्सप्रेस के जेवर टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग की गयी

दैनिक बुद्ध का संदेश





गौतमबुद्धनगर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 6 पी. सी. दीक्षित और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 रवि जायसवाल की टीम द्वारा अन्य राज्य से अवैध शराब के परिवहन की रोकथाम के उद्देश्य से यमुना एक्सप्रेस के जेवर टोल प्लाजा पर हरियाणाधदिल्लीध्पंजाब की तरफ से आने वाले वाहनों की चेकिंग की गयी। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैधा शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## गुमशुदा बच्चे को पुलिस ने शासन किया बरामद परिजनों के किया सुपुर्द

### परिजनों ने पुलिस को दिया धन्यवाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा के त्वरित कार्यवाही से गुमशुदा



बच्चे को पुलिस ने सःकुशल बरामद कर उसके परिजनो को किया सुपुर्द, बच्चे को पाकर परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान, परिजनों ने पुलिस अधीक्षक गोण्डा को बुके भेटकर दिया धन्यवाद। दिनाँक 16.03.2022 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम माधवपुर निवासी कृष्ण देव त्रिपाठी द्वारा थाना कोततवाली देहात में सूचना दी गयी। कि उनका 17 वर्षीय लड़का जो दिनाँक 15.03.2023 को घर से दोपहर में साईकिल से निकला था जो घर नही लौटा। उक्त सूचना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहातध्साइबर सेल की संयुक्त टीम को बालक की सकुशल बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली देहात व साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर काफी खोजबीन की गयी। तो उक्त गुमशुदा बालक का राजस्थान में होना पाया गया। जिस पर साइबर सेल टीम द्वारा राजस्थान पुलिस से समन्वय स्थापित कर उक्त बालक को सकुशल बरामद कराया गया। साइबर सेल टीम व कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गुमशुदा बालक की सूचना के महज 48 घण्टे के अन्दर गैर प्रान्त(राजस्थान के जयपुर जिला) से सकुशल बरामद कर नियमानुसार परिजनों को सुपुर्द किया गया। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटी। आज दिनाकं 27.03.2023 सोमवार को बालक के परिजनो द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर को बुके भेटकर ह्रदय से धन्यवाद दिया गया। उक्त सराहनीय कार्य की आम जनमानस द्वारा काफी सराहना की जा रही है। बरामदकर्ता टीम में प्रभारी साइबर सेल संतोष कुमार सिंह मय टीम, उपनिरीक्षक विजय बहादुर यादव मय टीम थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# घर पर काले बालों को ब्लीच करने के लिए अपनाएं यह तरीका



अगर आप अपने लुक में बदलाव करने के लिए बालों को ब्लीच करने की सोच रहे हैं तो इसके लिए आपको सैलून जाना ही जरूरी नहीं है। बालों को ब्लीच करना कोई रॉकेट साइंस नहीं है और आप इसे घर पर थोड़ी सावधानी बरतते हुए आराम से कर सकते हैं। बस ध्यान रखें कि ब्लीच आंखों और त्वचा के संपर्क में नहीं आनी चाहिए। आइए आज हम आपको घर पर बालों को बीच करने का तरीका बताते हैं।

सबसे पहले सिर पर लगाएं तेल

ब्लीचिंग के दिन सबसे पहले बालों पर गुनगुना नारियल या जैतून का तेल लगाएं क्योंकि यह एक डीप कंडीशनर के रूप में काम करता है। इसके बाद ब्लीच से त्वचा को बचाने के लिए अपने सामने की हेयरलाइन, कानों और नेकलाइन पर पेट्रोलियम जेली लगाएं। अब बालों को आगे की तरफ दो और सिर के पीछे दो हिस्सों में बांट लें। इस काम को आसान बनाने के लिए टाइट हेयर क्लिप का इस्तेमाल करें।

बालों को चार भागों में बांटें

बालों को चार भागों में बांटने के बाद हाथों में ट्रांसपेरेंट दस्तानों पहनें और एक मिक्सिंग बाउल में मिक्सिंग ब्रश का इस्तेमाल करके ब्लीच को डेवलपर के साथ मिलाएं। इसके बाद मिश्रण का सेंपल टेस्ट करें और अगर 5 मिनट तक आपको इससे कोई दिक्कत नहीं हुई तो मिश्रण को बालों के पीछे वाले हिस्सों पर लगाना शुरू करें। प्रत्येक हिस्से पर ब्लीच लगाते ही बालों को एल्युमिनियम फॉयल में लपेट दें।

इस तरह से जड़ों पर लगाएं ब्लीचः बालों की जड़ों को ब्लीच करने के लिए आपको पीछे से शुरू करना होगा और इसके लिए आपके पास दो शीशे (एक सामने और एक पीछे) होने चाहिए या फिर की सहायक। अब जड़ों को ब्लीच करने के लिए टिनिंग ब्रश की नोक से बालों को पलटें। बालों के जिस हिस्से पर आप काम कर रहे हैं, उसके दोनों तरफ ब्लीच को लगाएं। यह काम थोड़ा धीरे से करें ताकि ब्लीच चेहरे के संपर्क से दूर रहे।

30 मिनट से ज्यादा सिर पर न लगाकर रखें ब्लीच

पूरे सिर पर ब्लीच लगाने के बाद शावर कैप लगा लें और 10 मिनट के बाद चेक करें कि बालों का रंग हल्का हुआ? अगर नहीं तो हर 5–10 मिनट के बाद चेक करें। ब्लीच को कभी भी 30 मिनट से ज्यादा न रहने दें क्योंकि इससे स्कैल्प को नुकसान पहुंच सकता है। इसके बाद आप देखेंगे कि आपके बालों का रंग प्राकृतिक गहरे काले से नारंगी से हल्के पीले रंग में बदल जाएगा।

सिर को धोने और बालों की देखभाल करने का तरीका

एक बार जब बाल हल्के–पीले रंग के हो जाए तो ब्लीचिंग प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सिर को गुनगुने पानी और बैंगनी शैम्पू से धो लें, फिर एक अच्छा कंडीशनर लगाना सुनिश्चित करें। जब ब्लीचिंग की बात आती है तो इसके बाद बालों की देखभाल पर अतिरिक्त ध्यान दें। जैसे कि ब्लीच के एक हफ्ते बाद बालों को ट्रिम करवाएं, हाइड्रेटिंग हेयर मास्क और रोजाना हेयर सीरम लगाएं। इसके 6–8 हफ्ते बाद ही अगली ब्लीच करें।

## शिमरी ब्लैक आउटफिट में निक्की तंबोली लगीं बला की खूबसूरत, ऊपर से नीचे तक निहारते रह जाएंगे आप

बिग बॉस फेम निक्की तंबोली हमेशा सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स से फैंस को अपने हुस्न का कायल



कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट सुपबोल्ड फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस देख कर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी बोल्ड अदाओं से इंटरनेट का तापमान बढ़ाने में लगी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने शिमरी आउटफिट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं जो तेजी से वायरल हो रही हैं। निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की सिजलिंग ड्रेस पहनी हुई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने काफी डीपनेक ब्लैक ब्लाउज पहना हुआ है और साथ ही थाई स्लिट स्कर्ट पहनी हुई है। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप लुक कर के निक्की तंबोली ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। हाई हील्स पहन कर एक्ट्रेस ने कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दिए हैं। निक्की तंबोली जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर भी यूजर्स अमेजिंग, हॉट, टू हॉट टू हेंडल, सुपर गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स कर रहे हैं।




## सलमान खान के किसी का भाई किसी की जान का प्लॉट हुआ लीक, ऐसी होगी फिल्म




सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान काफी समय से चर्चा में है। सलमान के प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खासकर, फिल्म से सलमान का लुक सामने आने के बाद उनके प्रशंसकों की बेसब्री और बढ़ गई। अब तक रिलीज हुए फिल्म के गानों को भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म को लेकर तरह–तरह की बातें सामने आती रहती हैं। अब फिल्म के प्लॉट के बारे में नई जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के प्लॉट का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म उत्तर भारत और दक्षिण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में दोनों ही क्षेत्रों के आधुनिक और पारंपरिक रंगों को दिखाया जाएगा। फिल्म 4 भाइयों की कहानी है, जिनमें सलमान का किरदार सबसे बड़ा भाई है। यह किरदार अपने परिवार को सुरक्षित रखने के साथ ही समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए समर्पित है।

फिल्म का रोमांटिक गाना नइयो लगदा प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में सलमान का किरदार प्यार में विश्वास नहीं करता है। इसी कारण उसके भाई उसके पास एक ऐसी लड़की को भेज देते हैं, जो उसके पुराने प्यार के जैसी लगती है। इसके बाद किरदारों के बारे में दिलचस्प खुलासे होते हैं और ऐसी घटनाएं होती हैं कि फिल्म भारत के अलग–अलग हिस्सों में ले चलती है। फिल्म अपनी स्टारकास्ट के कारण चर्चा में है। फिल्म में सलमान के साथ अभिनेत्री पूजा हेगड़े नजर आएंगी। बिग बॉस फेम शहनाज गिल इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। अब्दु रोजिक के भी इस फिल्म में होने की चर्चा है। यह अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी की भी डेब्यू फिल्म है। फिल्म में भूमिका चावला और भाग्यश्री के होने की भी चर्चा है। टीवी अभिनेता सिद्धार्थ निगम भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

फिल्म बार–बार हो रहे बदलावों के कारण भी चर्चा में रही। इस फिल्म की शुरुआत कभी ईद कभी दिवाली नाम से हुई थी। इसके बाद इसे भाइजान नाम से बुलाया गया। आखिर में निर्माताओं ने किसी का भाई किसी की जान नाम से इसकी आधिकारिक घोषणा की। फिल्म में पहले अरशद वारसी और श्रेयस तलपड़े थे। इनको आयुष शर्मा और जहीर इकबाल ने रिप्लेस किया। बाद में इन अभिनेताओं ने भी फिल्म छोड़ दी। फिल्म 21 अप्रैल को रिलीज होगी।

## रिया कपूर ने शुरू की द क्रू की शूटिंग

निर्माता रिया कपूर ने अपनी मां सुनीता कपूर के जन्मदिन पर शेयर किया कि वह अपनी अगली फिल्म द क्रू की शूटिंग शुरू कर



रही हैं। रिया ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में फिल्म का क्लैप बोर्ड है, जबकि दूसरी में उनकी मां की तस्वीर है। कैप्शन के लिए, रिया ने लिखारू क्या यह वास्तविक जीवन है, डे 1. जन्मदिन मुबारक हो मां, मैं तुम्हारे बिना यहां तक नहीं पहुंच सकती! मैं तुमसे प्यार करती हूं! फिल्म में तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन हैं। करीना ने कमेंट सेक्शन में लिखा, करीना कपूर खानरू सो रेडी माय गर्ल लव यू माय रिया। कहानी तीन महिलाओं की है, जो जीवन के साथ आगे बढने के लिए काम करती हैं। लेकिन जैसे–जैसे वे आगे बढने की कोशिश करते हैं, उनकी सामने मुसीबत आनी शुरु हो जाती है, जो उन्हें खतरनाक परिस्थितियों की ओर ले जाती है, जिससे वे झूठ के जाल में फंस जाते हैं। राजेश कृष्णन द्वारा निर्देशित और बालाजी मोशन पिक्चर्स लिमिटेड और अनिल कपूर प्रोडक्शंस द्वारा सह–निर्मित यह फिल्म मार्च 2023 के अंत तक तैयार हो जाएगी।

## ब्लोटिंग की समस्या से हैं परेशान तो डाइट में इन 5 खाद्य पदार्थों को करें शामिल



ब्लोटिंग गैस, अपच और कब्ज से जुड़ एक ऐसी समस्या है जो आपके पेट में दर्द और परेशानी पैदा कर सकती है। इस कारण कहा जाता है कि खान–पान की आदतों पर ध्यान दें और आहार में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करें जो आंत के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होने के साथ पेट की सूजन को रोकने में भी मददगार हो। आइए आज आपको ब्लोटिंग यानी सूजन से राहत दिलाने में मदद करने वाले 5 खाद्य पदार्थ बताते हैं।

केले का सेवन हो सकता है मददगार

केला फाइबर और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह नमक से प्रेरित सूजन और कब्ज की समस्या को रोकने में मदद करता है। एक अध्ययन के अनुसार, जिन महिलाओं ने प्रतिदिन 2 बार एक केला खाया, उन्हें ऐसा ना करने वाली महिलाओं की तुलना में कम सूजन और ब्लोटिंग का अनुभव हुआ। इसके अलावा रोजाना एक केला खाने से अच्छे बैक्टीरिया के विकास को भी बढ़ावा मिल सकता है। योगर्ट से मिल सकता है लाभः योगर्ट प्रोबायोटिक्स से भरपूर होता है जो आंत को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है और मल की आवृत्ति में सुधार करता है। एक शोध के अनुसार, योगर्ट का सेवन बड़ी आंत को प्रभावित करने वाली समस्या, इर्रिटेबल बॉवेल सिंड्रोम जैसी स्थितियों के कारण होने वाली सूजन और पेट की गड़बड़ी को कम करने में मदद करता है। इसके लिए आप ग्रीक योगर्ट का सेवन कर सकते हैं।

अनानासः अनानास फाइबर, एंटी–डायरियल गुणों और लगभग 85 प्रतिशत पानी की मात्रा से भरपूर है। इस कारण यह ब्लोटिंग से होने वाले पेट दर्द से निपटने और पाचन स्वास्थ्य को ठीक रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा इन रसीले फलों में ब्रोमेलैन नामक एक अत्यधिक अवशोषित करने योग्य एंजाइम होता है। यह उचित पाचन को प्रोत्साहित करके और शरीर में प्रोटीन को तोड़कर सूजन को कम करने में मदद करता है।

ओट्सः सुबह नाश्ते में एक कटोरी ओट्स का सेवन ब्लोटिंग से छुटकारा पाने के सबसे आसान और प्रभावी तरीकों में से एक है। ओट्स में फाइबर और बीटा–ग्लुकन होते हैं जो स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देते हैं और मल को पास करना आसान बनाते हैं। 40 ग्राम ओट्स में 4 ग्राम फाइबर होता है। ओट्स में बीटा–ग्लूकन में एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं जो पाचन संबंधी समस्याओं को रोकते हैं। खीराः खीरा 95 प्रतिशत पानी से भरपूर होता है। यह पेट फूलने की समस्या से राहत दिलाने के लिए बहुत अच्छा माना गया है। यह आपको हाइड्रेटेड और पोषित रहने में भी मदद करने के साथ आपको तुरंत ऊर्जावन महसूस कराता है। इसके अलावा यह पेट को ठंडा रखता है और डिहाइड्रेशन–प्रेरित सूजन को रोकता है। खीरे में उच्च पानी की मात्रा मल को नरम बनाकर कब्ज से बचाती है और मल त्याग को नियमित भी रखती है।

